पश्चिमांचल विभा

अंक-3

अक्टूबर - मार्च 2022
(संयुक्तांक)

कानारा ବ୍ୟାଙ୍କ केनरा बैंक Canara Bank

क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर

आवरण पृष्ठ -
हीराकुद बांध के समीप स्थित गांधी मीनार

इस अंक में.....

- अंचल प्रमुख का संदेश
- क्षेत्रीय प्रमुख का संदेश
- मंडल प्रबंधकों का संदेश
- संपादकीय
- भारतमाला—एक कदम विकास की ओर
- हिंदी प्रवाह
- हुमा का झुका मंदिर
- क्षेत्रीय कार्यालय में संविधान दिवस
- क्षेत्रीय कार्यालय में संस्थापक दिवस
- शाखाओं की समीक्षा बैठक
- बोईरगांव शाखा का उद्घाटन
- आजादी का अमृत महोत्सव के तहत नुक्कड़ नाटक
- राजभाषा संकल्प 1968
- प्रधान कार्यालय में राजभाषाई निरीक्षण
- क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर में राजभाषाई निरीक्षण
- राजभाषा संबंधी वार्षिक कार्यक्रम 2022-23
- हिंदी पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने पर प्रोत्साहन योजना
- परिचर्चा एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन
- कवि परिचय— (जयशंकर प्रसाद)
- काव्य रचना
- प्रेरक कहानी— जिंदगी के पत्थर, कंकड़ और रेत
- क्षेत्रीय कार्यालय को प्राप्त प्रशंसा पत्र
- क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा शाखाओं को जारी प्रशंसा पत्र
- अंचल कार्यालय, भुवनेश्वर को तृतीय पुरस्कार

संरक्षक

श्री बी एल मीना

महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख

अंचल कार्यालय, भुवनेश्वर

प्रधान संपादक

श्री अजीत कुमार

सहा.महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख

क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर

मार्गदर्शन

श्री एस के नाएक

श्री विकास कुमार राव

मंडल प्रबंधक

संपादक

श्री विश्वनाथ प्रसाद साहू

प्रबंधक (राजभाषा)

संपादन सहयोग

क्षेत्रीय कार्यालय एवं क्षेत्राधीन समस्त स्टाफ सदस्य

महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख का संदेश

प्रिय केनराइट्स,

"पश्चिमांचल विभा"* के तीसरे अंक का प्रकाशन क्षेत्रीय कार्यालय संबलपुर में राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति का द्योतक है।** हमारा बैंक राजभाषा के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सदैव प्रयासरत है, यह पत्रिका इस तथ्य को प्रमाणित करती है। मुझे ज्ञात हुआ है कि क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की ओर से वर्ष 2020 -21 में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया है। इस उपलब्धि के लिए मैं क्षेत्रीय प्रमुख एवं सभी कार्मिकों को अनन्य शुभकामनाएं ज्ञापित करता हूँ। हिंदी भाषा के संबंध में ***महात्मा गांधी ने कहा था:

"राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की एकता एवं उन्नति के लिए आवश्यक है।"

हमारा बैंक हिंदी को आंतरिक कार्यों की भाषा बनाने के लिए नित नवीन उपायों को कार्यान्वित कर रहा है।

हमारे अंचल ने मार्च 2022 की स्थिति में रू. 27437.76 करोड़ के समग्र कारोबार का जादुई आंकड़ा प्राप्त किया है, जिसके लिए मैं आप सभी के कार्य निष्पादन की सराहना करता हूँ और आशा करता हूँ कि आप सभी भविष्य में भी इसी तरह हमारे बैंक के कारोबार के विकास में अपना योगदान देते रहेंगे।

अशेष शुभकामनाओं के साथ,

(बी एल मीना)

महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, भुवनेश्वर अंचल

सहा महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख का संदेश

प्रिय केनराइट्स,

"पश्चिमांचल विभा" के तृतीय अंक का प्रकाशन अनेक अर्थों में महत्वपूर्ण है। सर्वप्रथम यह क्षेत्र में राजभाषा की अनवरत प्रगति को दर्शाती है, द्वितीय क्षेत्र के कारोबार एवं अन्य गतिविधियों को कार्मिकों, उच्च कार्यालयों एवं पदाधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करती है। ज्ञातव्य हो कि हमारे क्षेत्र ने आवंटित किए गए विभिन्न मानदंडों के सापेक्ष अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है, जिस कारण उच्च कार्यालयों से हमें प्रशंसापत्र भी प्राप्त हुए हैं। बैंक के कारोबार में उत्तरोत्तर विकास के लिए भविष्य में भी हमें इसी प्रकार की प्रगति बरकरार रखना अनिवार्य है। भाषा ने सदैव लोगों को जोड़ा है और यह अभिव्यक्ति का सर्वोत्तम माध्यम भी है। बैंकिंग के परिदृश्य में भी भाषा विशेषकर हिंदी का महत्वपूर्ण स्थान है। हमारे बैंक में सीबीएस में हिंदी का कार्यान्वयन, ग्राहकों के लिए उपयोग में आने वाले फॉर्मों को द्विभाषी/त्रिभाषी रूप में तैयार करना, प्रचार-प्रसार की सामग्रियों को द्विभाषी/त्रिभाषी रूप में तैयार करना आदि कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मेरा आग्रह है कि आप सभी आम बैंकिंग में हिंदी का प्रयोग प्रमुखता से करते हुए ग्राहक-आधार बढ़ाएं। हमारे क्षेत्र प्रगतिशील है जहां कारोबार की अपार संभावनाएं विद्यमान हैं, हमें उन संभावनाओं की तलाश करते हुए उन्हें कारोबार में परिणित करना होगा।

सफलता की अनंत शुभकानाओं के साथ,

(अजीत कुमार जग्गा)

सहा महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख

मंडल प्रबंधक का संदेश

प्रिय केनेराइट्स,

हमारे कार्यालय की पत्रिका *"पश्चिमांचल विभा"* का तृतीय अंक आपके समक्ष प्रस्तुत है। क्षेत्र में राजभाषा का प्रसार समुचित रूप से हो रहा है, जिसकी झलक आपको इस पत्रिका में देखने को मिलेगी। इस अंक में राजभाषा से जुड़ी गतिविधियों के साथ-साथ सामान्य बैंकिग से जुड़े कार्यकलापों को भी प्रकाशित किया गया है। हमारे क्षेत्र ने कारोबार के सभी मानदंडों में प्रगति दर्ज की है जिसमें आप सभी का योगदान अवश्य ही रहा है। बैंक ने समग्र रूप से सभी क्षेत्रों में अपने कारोबार में वृद्धि प्राप्त की है, जिसका प्रतिफल आगमी माह में वित्तीय वर्ष के कारोबार के परिणामों के रूप में परिलक्षित होगा।

मेरा अनुरोध है कि आप कारोबार में अपनी भूमिकाओं के साथ राजभाषा के विकास के लिए भी प्रयत्नरत रहें।

शुभकामनाओं सहित,

(सुशांत कुमार नाएक)

मंडल प्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय संबलपुर

मंडल प्रबंधक का संदेश,

प्रिय केनेराइट्स,

क्षेत्र की गृह पत्रिका *"पश्चिमांचल विभा"* के तृतीय अंक के माध्यम से आपसे फिर से संवाद करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। हिंदी हमारे कार्य का एक भाग है, हमें अपने आंतरिक कार्यों में अधिक से अधिक हिंदी का प्रयोग करना होगा। इस प्रकार एक साथ दो लक्ष्यों को साधाजा सकता है, पहला स्वयं का व्यक्तित्व विकास एवं दूसरा कुशल ग्राहक सेवा। हिंदी भाषा प्रायः देश के बड़े हिस्से में बोली व समझी जाती है, इस प्रकार हिंदी भाषा पर अधिकार से संभावित ग्राहकों तक पहुंचने के रास्ते खोल देते हैं। इस प्रकार स्वयं के साथ-साथ हमारी बैंक के लिए भी हिंदी का प्रयोग लाभप्रद है।

इस वित्तीय वर्ष में आपने अपना पूर्ण योगदान देते हुए क्षेत्र के कारोबार में वृद्धि की है, जो निश्चय ही संपूर्ण बैंक के विकास के लिए कारगर सिद्ध होगी। हमने आप सभी के सहयोग से आबंटित विभिन्न मानदंडों के लक्ष्यों के सापेक्ष उत्तम प्रगति दर्ज की है। बैंकिंग उद्योग के इस प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में हमारे बैंक को शिखर पर ले जाने का केवल एक और एक ही जरिया है और वो कठिन परिश्रम है। मुझे आशा आप कठिन परिश्रम से हमारी संस्था को विकास के पथ पर अग्रसर करेंगे।

शुभकामनाओं सहित,

(विकास कुमार राव)

संपादकीय

प्रिय साथियों,

हमारे क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर की गृह-पत्रिका ***"पश्चिमांचल विभा"*** का यह तृतीय अंक (अक्टूबर - मार्च 2022) आपको सौंपते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। इस अंक को आकर्षक बनाने के लिए हमने भर्सक प्रयास किया है तथा विभिन्न गतिविधियों, कार्यक्रमों, राजभाषा में किए गए कार्यों, हमारे क्षेत्र की सफलताओं/ उपलब्धियों को समाहित किया है। भाषा सदैव संचार का सबसे उत्तम माध्यम है। हिंदी को राजभाषा का दर्जा देने का मुख्य कारण यह है कि हिंदी सहज एवं सरल है, साथ ही कोई भी हिंदीतर भाषा-भाषी बड़ी ही आसानी से कम समय में हिंदी सीख सकता है। हमारे देश में प्रचलित रूप से कहा जाता है कि

"कोस-कोस में पानी बदले और चार कोस में बानी"

राजभाषा हिंदी इन अनन्य भाषाओं/ बोलियों को एक धागे में बांधने का काम करती है। मेरा विश्वास है कि आप हिंदी का प्रयोग अपने दैनिक कार्य-कलापों में करेंगे और क्षेत्र में राजभाषा कार्यान्वयन को नई ऊंचाईयों तक ले जाएंगे।

राजभाषा के कार्यान्वयन में आपके सहयोग की अपेक्षा के साथ,

(विश्वनाथ प्रसाद साहू)
राजभाषा अधिकारी

भारतमाला परियोजना – एक कदम विकास की ओर

देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण अनेकों माध्यमों में से एक सड़क निर्माण भी है। सरकार ने इसी पहलू पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए कई नवोन्वेषी पहल की हैं एवं पूरे देश में आवागमन की स्थिति को सुदृढ़ करने के संकल्प से भारतमाला परियोजना की घोषणा 30 अप्रैल, 2015 की है। भारतमाला परियोजना भारत सरकार की एक महत्वकांक्षी परियोजना है जिसके तहत सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा भारत के अंतर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्रों को सड़कों से जोड़ा जाएगा। भारतमाला परियोजना पर काम गुजरात और राजस्थान से शुरू होगा तथा इसके बाद पंजाब और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में सड़कें बनाई जाएंगी, फिर उत्तर प्रदेश और बिहार से होते हुए पूर्वोतर के राज्य सिक्किम, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और मिजोरम में भारत-म्यांमार बॉर्डर तक सड़कें बनाने की योजना है। इसके अंतर्गत भारत के प्रमुख तटीय नगरों के बीच 4-6 लेन वाले राजमार्गों का विकास किया जाएगा। इस परियोजना के अंतर्गत गुजरात से मिजोरम के मध्य 15 राज्यों को सड़क मार्ग से जोड़ने योजना बनाई गई है।

भारतमाला परियोजना की रूपरेखा:

इसके अंतर्गत आर्थिक कॉरिडोर, फीडर कॉरिडोर और इंटर कॉरिडोर, राष्ट्रीय कॉरिडोर, तटवर्ती सड़कें, बंदरगाह संपर्क सड़कें आदि का निर्माण किया जाएगा।

इस कार्यक्रम की अवधि वर्ष 2017-18 से वर्ष 2021-22 तक है। चरण-1 में कुल 34,800 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया जाना है, जिसमें शामिल हैं:

1. 5,000 किलोमीटर राष्ट्रीय कॉरिडोर।
2. 9,000 किलोमीटर आर्थिक कॉरिडोर।
3. 6,000 किलोमीटर फीडर कॉरिडोर और इंटर कॉरिडोर।
4. 2,000 किलोमीटर सीमावर्ती सड़कें।
5. 2,000 किलोमीटर तटवर्ती सड़कें एवं बंदरगाह संपर्क सड़कें।
6. 800 किलोमीटर हरित क्षेत्र एक्सप्रेस वे।
7. 10,000 किलोमीटर अधूरे सड़क निर्माण कार्य।

राजमार्ग विकास परियोजना के अंतर्गत स्वर्णिम चतुर्भुज और उत्तर-दक्षिण, पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर के अंतर्गत भारत में पहले ही पर्याप्त राजमार्गों का निर्माण किया जा चुका है। भारतमाला के पहले चरण में 550 जिले कवर होंगे। वर्तमान में सिर्फ 350 जिलों से ही राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते हैं। 34 जिलों में सड़कों में लेन बढ़ाई जाएगी जबकि 35 शहरों में लॉजिस्टिक पार्क स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा 700 जगहों पर सड़क किनारे यात्री सुविधाओं (रोड साइड एमेनिटीज) का निर्माण होगा। परियोजना के तहत 44 नए आर्थिक गलियारे बनाए जाएंगे. इनमें दिल्ली-लखनऊ, अमृतसर-जामनगर, आगरा-मुंबई, अमृतसर-जामनगर, रायपुर-धनबाद, लुधियाना-अजमेर, संबलपुर-रांची, खड़गपुर-सिलीगुड़ी, सागर-वाराणसी, दिल्ली-कानपुर, सागर-लखनऊ तथा जयपुर-इंदौर प्रमुख हैं। भारतमाला के तहत 65 अंतर-कारीडोर के अलावा 115 फीडर सड़कों का निर्माण भी होगा। परियोजना के तहत प्रमुख शहरों में रिंग रोड के निर्माण का भी प्रस्ताव है, इनमें दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, आगरा, लखनऊ, वाराणसी, पटना, रांची, धनबाद, इंदौर व जयपुर के नाम शामिल हैं. सात एक्सप्रेसवे में कानपुर-लखनऊ, दिल्ली-अमृतसर-कटरा, दिल्ली-जयपुर, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के नाम शामिल हैं।

'हिंदी प्रवाह'

दसवें विश्व हिन्दी सम्मेलन में हिंदी भाषा के प्रचार एवं प्रसार हेतु की गई अनुशंसाओं पर अमल करते हुए राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के मार्गदर्शन में केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा हिंदी भाषा का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कार्मिकों के साथ-साथ जनसाधारण को हिंदी भाषा का उच्चतर ज्ञान कराने के लिए "हिंदी प्रवाह" नामक एक नया पाठ्यक्रम तैयार किया गया है । 'लीला हिंदी प्रवाह' से विश्व के प्रत्येक भाग के और प्रत्येक वर्ग के लोग लाभान्वित होंगे । 'हिंदी प्रवाह' में अलग-अलग विधाओं के कुल 20 पाठ संकलित किए गए हैं । प्रत्येक वर्ग के पाठक की रुचि के अनुरूप पाठों को 'हिंदी प्रवाह' में स्थान दिया गया है ।

2. 'हिंदी प्रवाह' का भाव पक्ष जितना सबल है, तकनीकी पक्ष भी उतना ही मजबूत है। इस पाठ्यक्रम को भी 'लीला पैकेज' प्रबोध, प्रवीण एवं प्राज्ञ की भाँति अंग्रेजी के अलावा 14 भारतीय भाषाओं क्रमशः असमिया, बोडो, बांग्ला, गुजराती, कन्नड़, कश्मीरी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, तमिल एवं तेलुगू के माध्यम से जनसाधारण तक ऑनलाइन वेबवर्जन एवं मोबाइल ऐप के रूप में उपलब्ध कराया गया है।

3. 'लीला हिंदी प्रवाह' के वेबवर्जन एवं मोबाइल ऐप के लिए तैयार किए गए सभी पाठों को 'पाठ एवं शब्दावली' नामक दो भागों में विभाजित किया गया है। पाठ में ऑडियो-वीडियो सुविधा के साथ-साथ चयनित भाषा में अनुवाद प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध है। शब्दावली भाग में पाठ के सभी शब्दों के अर्थ यूज़र द्वारा चयनित भाषा में भी दिए गए हैं।

4. 'लीला हिंदी प्रवाह' के वेबवर्जन एवं मोबाइल ऐप में पाठों से संबंधित शब्दों को समझने एवं समझाने के लिए बृहत शब्दावली की व्यवस्था भी की गई है। इस बृहत शब्दावली में पाठों में सम्मिलित शब्दों के अर्थ यूज़र द्वारा चयनित भाषा में वर्णक्रमानुसार दिए गए हैं। इस भाग की विशेषता यह है कि इसमें शब्दों के उच्चारण के साथ-साथ रिकॉर्ड एवं कम्पेयर सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। यूज़र, पाठ में आए शब्दों का अर्थ अपनी भाषा में देखने एवं जानने के अलावा हिंदी में उनका उच्चारण सुनने के बाद स्वयं उस शब्द को बोलकर रिकॉर्ड कर सकते हैं और फिर मूल शब्द एवं स्वयं द्वारा रिकॉर्ड किए हुए शब्द को एक के बाद एक सुनकर उच्चारण संबंधी अपनी कमियों को दूर कर सकते हैं। यूज़र, अपनी सुविधा के अनुसार जब चाहें, जितना चाहें और जितनी बार चाहें, इस पाठ्यक्रम को पढ़ सकते हैं।

अंत में यह कहना उचित होगा कि **'हिंदी प्रवाह' राजभाषा विभाग की ओर से गागर में सागर भरने का एक प्रयास है ।**

******

हुमा का झुका मंदिर

हुमा का झुका मंदिर दुनिया में अकेला झुका हुआ मंदिर है। संबलपुर से लगभग 23 किमी दूर दक्षिण में स्थित झुका मंदिर महानदी के तट पर स्थित हुमा गांव में स्थित है। यह मंदिर भगवान बिमलेश्वर को समर्पित है। मंदिर के निर्माण का श्रेय एक दूधवाले को जाता है। एक पौराणिक कथा के अनुसार एक दूधवाला हर दिन महानदी नदी को पार किया करता था। प्रत्येक चक्कर के बाद, दूधवाला भगवान शिव का पूजन करता और फिर उसके बाद दूध चढ़ाता, जो वहां स्थित चट्टान पी जाती थी। यह बात जल्द ही फैल गई और गंगा वंशी सम्राट अनंगभीम देव- III ने इस मंदिर का निर्माण किया था। संबलपुर के पांचवें चौहान राजा, राजा बलियर सिंह (1660-1690 ई.) द्वारा मंदिर का पुनर्निर्माण या जीर्णोद्धार किया गया था। मंदिर क्यों झुका हुआ है, यह रहस्य ही बना रहा। इस झुकाव ने इतिहासकारों, मूर्तिकारों और अन्य शोधकर्ताओं को आकर्षित किया है। आश्चर्य की बात यह है कि मुख्य मंदिर एक दिशा में झुका हुआ है, जबकि अन्य छोटे मंदिर अन्य दिशाओं में झुके हुए हैं। मंदिर परिसर के भीतर यानी मंदिर की सीमाओं के भीतर, सब कुछ झुकी हुई स्थिति में है, जिसमें स्वयं सीमाएँ भी शामिल हैं, और ग्रामीणों और पुजारियों का कहना है कि पिछले 40 या 50 वर्षों में झुकाव का कोण नहीं बदला है। झुकाव एक भूवैज्ञानिक कारण से हो सकता है; अंतर्निहित चट्टान संरचना में असमान हो सकती है।

शिवरात्रि पर हर साल मार्च में मंदिर की तलहटी में एक वार्षिक मेला लगता है । यह मेला भारी भीड़ को आकर्षित करता है जिसमें विदेशी आगंतुक भी शामिल होते हैं। यहां एक विशेष प्रकार की मछली पाई जाती है जिसे 'कुडो' मछली के नाम से जाना जाता है; उन्हें अक्सर आगंतुकों द्वारा खिलाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि कोई भी कूडो मछली को पकड़ने के लिए शाप से पत्थर में बदल जाता है, मंदिर में एक महिला की पत्थर की मूर्ति है जो कूडो मछलियों में से एक को काट रही है, कहा जाता है कि वह शाप से प्रभावित होकर पत्थर बन गई।

ঙ্গO৯

संविधान की उद्देशिका

उद्देशिका

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न समाजवादी
पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए,
तथा उसके समस्त नागरिकों को:
सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार,
अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता,
प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए,
तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और
राष्ट्र की एकता और अखण्डता
सुनिश्चित करने वाली बन्धुता बढ़ाने के लिए
दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख
26 नवम्बर, 1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी, संवत्
दो हजार छह विक्रमी) को एतद्द्वारा इस संविधान को
अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

क्षेत्रीय कार्यालय संबलपुर में "संविधान दिवस"

दिनांक 26.11.2021 को संविधान दिवस के दिन क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर के सभागार में सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा संविधान की उद्देशिका का पठन किया गया। इस क्षेत्रीय प्रमुख श्री अजीत कुमार जग्गा जी ने सभी कार्मिकों को संबोधित करते हुए संविधान के महत्व को प्रतिपादित किया और बताया कि हमारे देश का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्व), कोलकाता, राजभाषा विभाग के सहायक निदेशक (कार्या.) श्री निर्मल कुमार दुबे, क्षेत्रीय प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक श्री अजीत कुमार जग्गा, मंडल प्रबंधक श्री सुशांत कुमार नाएक एवं श्री विकास कुमार राव तथा आरएएच के मंडल प्रबंधक श्री एम मुआखिया तथा समस्त सदस्यों ने संविधान की उद्देशिका का पठन किया।



क्षेत्रीय कार्यालय संबलपुर में 116वां संस्थापना दिवस 2021

स्व. श्री अम्मेम्बाल सुब्बाराव पै
संस्थापक, केनरा बैंक

दिनांक 19.11.2021 को संबलपुर क्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में हमारे बैंक का 116वां संस्थापना दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र प्रमुख श्री अजीत कुमार जग्गा, क्षेत्र के दोनों मंडल प्रबंधक श्री सुशांत कुमार नाएक एवं श्री विकास कुमार राव, आरएएच के मंडल प्रबंधक श्री मनमोहन मुआखिआ, संबलपुर मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक श्री देबदत्त लेंका, बुढ़ारजा शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक श्री निराकार भोई, वरिष्ठ प्रबंधक संबलपुर शाखा –II के वरिष्ठ प्रबंधक श्री बिजय कुमार नाएक तथा क्षेत्रीय कार्यालय, आरएएच संबलपुर एवं एमएसएमई सुलभ के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे। प्रधान कार्यालय से विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संस्थापना दिवस कार्यक्रम से कार्यालय को जोड़ा गया। प्रधान कार्यालय से मुख्य महाप्रबंधक, मानव संसाधन विभाग द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात कार्यपालक निदेशकों तथा प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एल वी प्रभाकर ने बैंक के सभी क्षेत्रीय एवं अंचल कार्यालय से जुड़े केनराइट्स को संबोधित किया।

क्षेत्रीय प्रमुख, कार्यपालकगण, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य कर्मचारियों ने हमारे प्रिय संस्थापक स्व. श्री अम्मेबाल सुब्बाराव पै को माल्यार्पण एवं पुष्पार्पित किया। इस अवसर पर बैंक के तीन महत्वपूर्ण ग्राहकों को सम्मानित भी किया गया। क्षेत्र प्रमुख द्वारा बैंक के विकास में सभी की सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया। मंडल प्रबंधक के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

116वें संस्थापना दिवस 2021 की झलकियां

दिनांक – 15.03.2022 को शाखाओं की व्यवसायिक समीक्षा बैठक का आयोजन

दिनांक 15.03.2022 को दिसंबर तिमाही के लिए संबलपुर क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत आने वाली शाखाओं की व्यवसायिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस समीक्षा बैठक में अंचल कार्यालय भुवनेश्वर से पधारे महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, श्री बी एल मीना जी द्वारा शाखाओं के व्यवसाय की समीक्षा की गई। इस समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर के क्षेत्रीय प्रमुख श्री अजीत कुमार जी, मंडल प्रबंधक श्री एस के नायक जी, श्री विकास कुमार राव जी तथा सभी शाखाओं/कार्यालयों के प्रभारी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक का आरंभ हमारे प्रिय संस्थापक को पुष्पार्पण से किया गया। श्री दीपक कुमार जुनेजा, वरिष्ठ प्रबंधक ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया।

महाप्रबंधक ने शाखा प्रमुखों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे अंचल का प्रदर्शन समग्र रूप से अच्छा है। अंचल ने वर्तमान में रू. 29000 करोड़ के कारोबार का आंकड़ा पार कर लिया है तथा आप सबके सहयोग से रू. 30000 करोड़ के कारोबार का लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ रहा है। शाखाओं की समीक्षा के बाद शाखा प्रमुखों से संवाद किया एवं अपेक्षित मार्गदर्शन प्रदान किया।

क्षेत्रीय प्रमुख ने क्षेत्र की विभिन्न मानदंडों में प्रगति को महाप्रबंधक के समक्ष प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त, सभी शाखा प्रमुखों से इस वित्त वर्ष के लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सभी स्टाफ सदस्यों को शामिल करना सुनिश्चित करते हुए बैंक के कारोबार का विकास करने का आह्वान किया तथा किसी भी प्रकार के समस्या के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। श्री मनमोहन मुआखिआ, मंडल प्रबंधक, आरएआच, संबलपुर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ समीक्षा बैठक का समापन हुआ।

दिनांक 29.04.2022 क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर के तहत बोईरगांव शाखा का उद्घाटन



केनरा बैंक देश के सभी वर्गों को बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार करते हुए संबलपुर क्षेत्र के तहत नुआपड़ा जिले के बोईरगांव शाखा का उद्घाटन मुख्य अतिथि **श्री राजेश मेहेर, तहसीलदार, बोड़ेन द्वारा** किया गया। नई शाखा के उद्घाटन समारोह में **श्रीमती मीना कु. अग्रवाल, सीडीपीओ, बोड़ेन, श्रीमती स्मृति सिंह माझी, जिला परिषद अध्यक्ष, श्रीमती हेमाद्री जगत, सरपंच बोईरगांव तथा संबलपुर क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक श्री अजीत कुमार जग्गा, मंडल प्रबंधक श्री सुशांत कुमार नायक तथा बोईरगांव शाखा के शाखा प्रमुख श्री सतीश कुमार होता, नुआपड़ा शाखा के शाखा प्रमुख श्री आदित्य कुमार साहू** एवं स्थानीय गणमान्य अतिथि शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस शाखा के शुभारंभ से स्थानीय जनता को भी आसानी से बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध हो पाएंगी। क्षेत्रीय प्रमुख ने ग्रामीणों से केनरा बैंक से जुड़ने का आह्वान किया।

क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर

केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर द्वारा देश की आजादी के 75वें वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। हमारे क्षेत्र द्वारा दिनांक 29.12.2021 को बैंक के ग्राहकों एवं सामान्य जनता में आजादी के महत्व को प्रस्फूटित करने के लिए देश के स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान देने वाले देश भक्तों की अमर कहानियों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से क्षेत्राधीन बरगढ़ शाखा I एवं II के समन्वय से बरगढ़ नगर के सरकारी में सुबह 10.00 बजे एवं प्राइवेट बस स्टैंड में 11.30 बजे क्षेत्रीय प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक श्री अजीत कुमार जग्गा के कुशल नेतृत्व में आयोजित किया गया। नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति सर्मपण नाट्य अनुष्ठान, बरगढ़ के कलाकारों द्वारा की गई।

इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालय से कृषि वित्त एवं प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अनुभाग के प्रभारी एवं वरिष्ठ प्रबंधक श्री दीपक कुमार जुनेजा, राजभाषा अधिकारी श्री विश्वनाथ प्रसाद साहू, विशेष सहायक श्री मानस रंजन चांद , बरगढ़ शाखा- I के शाखा प्रमुख श्री अंजन कुमार साहू, अधिकारी प्रकाश चंद्र दाश तथा बरगढ़ शाखा - II के शाखा प्रमुख श्री देवसहाय केरकेट्टा, विभुति भूषण खडंगा उपस्थित रहे।

कृषि वित्त एवं प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अनुभाग
क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर

दिनांक 29.12.2021 को प्राइवेट बस स्टैंड, बरगढ़ में आयोजित किए गए नुक्कड़ नाटक की झलकियां

दिनांक 29.12.2021 को सरकारी बस स्टैंड, बरगढ़ में आयोजित किए गए नुक्कड़ नाटक की झलकियां

राजभाषा संकल्प 1968

"जबकि संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार संघ की राजभाषा हिंदी रहेगी और उसके अनुच्छेद 351 के अनुसार हिंदी भाषा का प्रसार, वृद्धि करना और उसका विकास करना ताकि वह भारत की सामासिक संस्कृति के सब तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम हो सके, संघ का कर्तव्य है:

यह सभा संकल्प करती है कि हिंदी के प्रसार एंव विकास की गति बढ़ाने के हेतु तथा संघ के विभिन्न राजकीय प्रयोजनों के लिए उत्तरोत्तर इसके प्रयोग हेतु भारत सरकार द्वारा एक अधिक गहन एवं व्यापक कार्यक्रम तैयार किया जाएगा और उसे कार्यान्वित किया जाएगा और किए जाने वाले उपायों एवं की जाने वाली प्रगति की विस्तृत वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट संसद की दोनों सभाओं के पटल पर रखी जाएगी और सब राज्य सरकारों को भेजी जाएगी।

जबकि संविधान की आठवीं अनुसूची में हिंदी के अतिरिक्त भारत की 21 मुख्य भाषाओं का उल्लेख किया गया है , और देश की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक उन्नति के लिए यह आवश्यक है कि इन भाषाओं के पूर्ण विकास हेतु सामूहिक उपाए किए जाने चाहिए :

यह सभा संकल्प करती है कि हिंदी के साथ-साथ इन सब भाषाओं के समन्वित विकास हेतु भारत सरकार द्वारा राज्य सरकारों के सहयोग से एक कार्यक्रम तैयार किया जाएगा और उसे कार्यान्वित किया जाएगा ताकि वे शीघ्र समृद्ध हो और आधुनिक ज्ञान के संचार का प्रभावी माध्यम बनें।

जबकि एकता की भावना के संवर्धन तथा देश के विभिन्न भागों में जनता में संचार की सुविधा हेतु यह आवश्यक है कि भारत सरकार द्वारा राज्य सरकारों के परामर्श से तैयार किए गए त्रि-भाषा सूत्र को सभी राज्यों में पूर्णत कार्यान्वित करने के लिए प्रभावी किया जाना चाहिए :

यह सभा संकल्प करती है कि हिंदी भाषी क्षेत्रों में हिंदी तथा अंग्रेजी के अतिरिक्त एक आधुनिक भारतीय भाषा के, दक्षिण भारत की भाषाओं में से किसी एक को तरजीह देते हुए, और अहिंदी भाषी क्षेत्रों में प्रादेशिक भाषाओं एवं अंग्रेजी के साथ साथ हिंदी के अध्ययन के लिए उस सूत्र के अनुसार प्रबन्ध किया जाना चाहिए।

और जबकि यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि संघ की लोक सेवाओं के विषय में देश के विभिन्न भागों के लोगों के न्यायोचित दावों और हितों का पूर्ण परित्राण किया जाए

यह सभा संकल्प करती है कि-

ए. कि उन विशेष सेवाओं अथवा पदों को छोड़कर जिनके लिए ऐसी किसी सेवा अथवा पद के कर्त्तव्यों के संतोषजनक निष्पादन हेतु केवल अंग्रेजी अथवा केवल हिंदी अथवा दोनों जैसी कि स्थिति हो, का उच्च स्तर का ज्ञान आवश्यक समझा जाए, संघ सेवाओं अथवा पदों के लिए भर्ती करने हेतु उम्मीदवारों के चयन के समय हिंदी अथवा अंग्रेजी में से किसी एक का ज्ञान अनिवार्यत होगा; और

बी. कि परीक्षाओं की भावी योजना, प्रक्रिया संबंधी पहलुओं एवं समय के विषय में संघ लोक सेवा आयोग के विचार जानने के पश्चात अखिल भारतीय एवं उच्चतर केन्द्रीय सेवाओं संबंधी परीक्षाओं के लिए संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित सभी भाषाओं तथा अंग्रेजी को वैकल्पिक माध्यम के रूप में रखने की अनुमति होगी।"

दिनांक 07.10.2022 को ऋण जन संपर्क कार्यक्रम के तहत में केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय,संबलपुर द्वारा स्थापित स्टॉल

दिनांक 25.01.2022 को आयोजित हिन्दी प्रतिनिधि बैठक का आयोजन

क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर में दिनांक 25.01.2021 को हिन्दी प्रतिनिधि बैठक का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया। इस बैठक में क्षेत्रीय कार्यालय संबलपुर एवं ब्रह्मपुर के स्टाफ सदस्यों को शामिल किया गया। बैठक में कुल 29 स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया जिसमें 19 क्षेत्रीय कार्यालय संबलपुर एवं 10 क्षेत्रीय कार्यालय ब्रह्मपुर के कार्मिक शामिल हुए। यह बैठक अध्ययन एवं विकास केंद्र, भुवनेश्वर के सहयोग से ऑनलाइन माध्यम से की गई।

इस बैठक को श्री अभय नाथ मिश्र, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा), अंचल कार्यालय, भुवनेश्वर और श्री विश्वनाथ प्रसाद साहू, अधिकारी (राजभाषा), क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर द्वारा संबोधित किया गया। सदस्यों को संघ की राजभाषा नीति, प्रोत्साहन योजनाओं एवं राजभाषा संबंधी अन्य पहलुओं से अवगत कराने के साथ-साथ हिंदी प्रतिनिधियों की जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त, स्टाफ सदस्यों को शाखा के दैनिक कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग करने एवं बैंक की गृह पत्रिका **"केनरा ज्योति" एवं श्रेयस** में स्वलिखित आलेख भेजने, हिंदी प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित भी किया गया।



हिंदी प्रतिनिधियों के बैठक के माध्यम से श्री रूद्राचारी, सहायक महाप्रबंधक, अंचल कार्यालय भुवनेश्वर से जुड़े एवं प्रतिभागियों को आबंटित किए गए 12 अनिवार्य CanDLE पाठ्यक्रम पूरा करने एवं शाखा सभी पात्र अधिकारियों को भी इन पाठ्यक्रमों को पूरा करने की सलाह दी।

अंत में राजभाषा अधिकारी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हिंदी प्रतिनिधि बैठक का समापन हुआ।

क्षेत्राधीन नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में सहभागिता

क्षेत्रीय कार्यालय संबलपुर के तहत 4 कार्यालय/शाखाएं क्रमशः क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर, राउरकेला मुख्य शाखा, केंदुझर एवं अनुगुल नराकास की सदस्य हैं, जिनमें से अक्टूबर से मार्च 2022 के दौरान दिनांक 25.11.2022 को नराकास, संबलपुर, दिनांक 08.02.2022 को नराकास, केंदुझर एवं दिनांक 23.02.2022 को नराकास, राउरकेला में छमाही बैठक का आयोजन किया गया। इन बैठकों में संबंधित शाखा/कार्यालय के प्रभारियों के साथ राजभाषा अधिकारी द्वारा भाग लिया गया। दिनांक 25.11.2021 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की छमाही बैठक में हमारे क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर को वित्त वर्ष 2020-21 में राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए "प्रोत्साहन पुरस्कार" प्रदान किया।



दिनांक 08.02.2022 को नराकास, केंदुझर की छमाही बैठक में हमारे बैंक की प्रतिभागिता



दिनांक 23.02.2022 को नराकास, राउरकेला की छमाही बैठक में हमारे बैंक की प्रतिभागिता

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बंगलूरू
Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru
बुलेटिन संख्या :19/2021 दिनांक : 10.12.2021

वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय का राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी निरीक्षण

दिनांक: 08 दिसम्बर, 2021

श्री भीम सिंह, उप निदेशक (राजभाषा), वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय का राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी निरीक्षण दिनांक 08 दिसम्बर, 2021 को किया गया। सर्वप्रथम उन्होंने राजभाषा प्रदर्शनी का निरीक्षण किया।

श्री शंकर एस, मुख्य महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग ने श्री भीम सिंह, उप निदेशक (राजभाषा) का स्वागत किया और अपने संबोधन में कहा कि केनरा बैंक में राजभाषा नीति, नियमों का अनुपालन सही ढंग से हो रहा है। राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें नियमित अंतराल में होती है जिसकी अध्यक्षता हमारे प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्वयं करते है और बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है। उन्होंने जानकारी दी कि हमारे बैंक में सीबीएस का हिंदी वर्शन कर दिया गया है।

श्री एच एम बसवराज, उप महाप्रबंधक ने बैंक में हो रहे राजभाषा कार्यान्वयन के संबंध में किए जा रहे विभिन्न क्रियाकलापों की जानकारी पावर प्वाइंट प्रस्तुति में दी। साथ ही तिमाही प्रगति रिपोर्ट एसटीआर 18 को ऑनलाइन कराना, कार्डों पर पूर्व मुद्रित जानकारी को हिंदी में करवाना, हिंदी में परिचर्चा, संगोष्ठियों का आयोजन जैसे विषयों पर प्रकाश डाला।

श्री भीम सिंह, उप निदेशक (राजभाषा), वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय ने हमारे बैंक द्वारा हिंदी कार्यान्वयन पर अपनी संतुष्टी जाहिर की और प्रधान कार्यालय के कुछ विभागों का निरीक्षण भी किया और राजभाषा कार्यान्वयन का जायजा लेते हुए पत्राचार संबंधी अभिलेखों को और बेहतर ढंग से रखे जाने पर जोर दिया।

क्षेकाका (पूर्व), कोलकाता, राजभाषा विभाग के सहायक निदेशक (कार्या.) द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर का राजभाषाई निरीक्षण

क्षेकाका (पूर्व), कोलकाता, राजभाषा विभाग के सहायक निदेशक (कार्या.) श्री निर्मल कुमार दुबे द्वारा दिनांक 26.11.2021 को हमारे कार्यालय का राजभाषाई निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान निरीक्षणकर्ता के समक्ष संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही, कार्यालय की 22वीं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय प्रमुख एवं दोनों मंडल प्रमुखों के साथ समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सहायक निदेशक महोदय को क्षेत्र में राजभाषा की स्थिति से अवगत कराया गया साथ ही कार्यालय टिप्पण, नियमित आधार पर जारी होने वाले पत्रों, पत्र शीर्ष, हिंदी के संबंध में बैंक की पुरस्कार योजनाओं आदि के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई। इस अवसर पर सहायक निदेशक महोदय द्वारा हमारे क्षेत्रीय कार्यालय की ई-पत्रिका **"पश्चिमांचल विभा"** के द्वितीय अंक का भी विमोचन किया तथा समिति के सदस्यों का मार्गदर्शन किया।

हिंदी के प्रयोग के लिए वर्ष 2022-23 का वार्षिक कार्यक्रम

क्र.सं.	कार्य विवरण	"क" क्षेत्र	"ख" क्षेत्र	"ग" क्षेत्र
